an>

Title: Regarding reported lathicharge on employees for demonstrating 'equal pay for equal work' in Gopalganj and Patna in Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के एक अतिमहत्वपूर्ण विषय को उठाने के लिए समय दिया है।

महोदय, गोपालगंज, बिहार में पिछले कई दिनों से समान वेतन के लिए माध्यमिक शिक्षक एवं नियोजित शिक्षक संघ, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, वित्तरहित शिक्षक और बिहार गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड जवान) अपनी मांगों को लेकर शान्तिपूर्ण ढंग से अनशन कर रहे हैं, जिनकी संख्या लाखों में है। बिहार में सुरक्षा व्यवस्था, शिक्षा, महिलाओं का स्वास्थ्य, नवजात शिशुओं की देखभाल, ग्रामीण विकास आदि कार्यों की जिम्मेदारी इन्हीं लोगों पर टिकी हुई है। समान कार्य और समान मानदेय को लेकर बिहार सरकार की लचर व्यवस्था के विरूद्ध कई लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन चल रहा है। अनशनकारियों से बातचीत करने के बावजूद, बिहार सरकार लाठीचार्ज एवं बर्बरतापूर्ण तरीके से उनकी मांगों को दबाने का प्रयास कर रही है।

मैं सदन के माध्यम से आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि इन कर्मचारियों की मांगों को मानने के लिए बिहार सरकार को तत्काल आदेश दिया जाए। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी है, फिर भी बिहार सरकार मानने के लिए तैयार नहीं है। उन सभी कर्मचारियों के बच्चे एवं परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

मैं आपसे आग्रह करता हूं कि बिहार सरकार को इस बारे में तत्काल निर्देश दिया जाए कि इनकी मांगों को तत्काल पूरा करें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Janak Ram.